**राज्यपाल सचिवालय**

**राज भवन, जयपुर**

## राज्यपाल ने दौसा की घटना पर रोष जताया

### पुलिस महानिदेशक को सख्त और प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए

जयपुर, 11 नवंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दौसा जिले में चार वर्ष की बालिका के साथ दुष्कर्म के समाचारों पर संज्ञान लेते हुए गहरा रोष जताया है। उन्होंने इस संबंध में कड़ी और प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

श्री मिश्र ने शनिवार को पुलिस महानिदेशक श्री उमेश मिश्रा से इस संबंध में फोन पर बात की। उन्होंने इस दौरान दोषी के खिलाफ त्वरित सख्त कार्यवाही करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं पूरे समाज को शर्मसार करती है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को कानून एवं आम जन की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करने और इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए प्रभावी कार्यवाही करने की हिदायत दी।